## सार-समाचार

### फागोत्सव-2025 का आयोजन 11 से

**रतनगढ़** (निसं)। लाल कुआं गिंदड़ आयोजन समिति द्वारा होली पर्व पर तीन दिवसीय स्नेहमिलन-सांस्कृतिक कार्यक्रम फागोत्सव-2025 का आयोजन दिनांक 11 मार्च से 13 मार्च तक होगा। इस संदर्भ में आयोजन समिति की बैठक बुधवार सांय को कांग्रेस नेता हेमन्त सारस्वत के सानिध्य व समाजसेवी महेश सिमार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता हेमन्त सारस्वत ने त्योहारों को भारतीय जीवन परिवेश का अभिन्न अंग बताते हुए आयोजन समिति को प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम के लिए साधुवाद दिया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे समाजसेवी महेश सिमार ने प्रतिवर्ष होली के अवसर पर आयोजित होने वाले इस आयोजन को अनूठी पहल बताते हुए होली के त्यौहार को पूर्ण शांति सद्भाव और भाईचारे से मनाने की अपील की। बैठक में तीन दिवसीय कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए एडवोकेट निर्मल भुद्धाढरा ने बताया कि तीन दिवसीय फागोत्सव के अंतर्गत प्रथम दिन हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रख्यात हास्य कवि हरीश हिंदुस्तानी के मंच संचालन में गजेन्द्र सिंह कविया,वेद दाधीच सरीखे सुप्रसिद्ध हास्य कवि अपनी प्रस्तुतियां देंगे व कार्यक्रम के दूसरे दिन मयूर म्यूजिकल ग्रुप,जयपुर के कलाकारों द्वारा राजस्थानी संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी वहीं तीसरे दिन दिन एस पी म्यूजिकल ग्रुप,जयपुर द्वारा फाल्गुनी धमालों व राजस्थानी लोकगीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया जायेगा। बैठक में आयोजन को सफल एवं सुचारु रूप से सम्पन्न करवाने हेतु चर्चा कर कार्यकर्ताओं को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गई। इस अवसर पर प्रहलाद राय इन्दौरिया, मदनलाल गोगासरिया, रामावतार सारस्वत, ललित चोटिया, विश्वजीत नौहाल, शरीफ छींपा, पवन सोनी, ललित कटारिया आदि अनेक लोग उपस्थित थे।

### बोर्ड परीक्षाएं शुरू

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं में भी गुरूवार से बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई। झुंझुनूं में 10वीं और 12वीं के लिए कुल 248 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। लेकिन गुरूवार को पहले दिन 233 परीक्षा केंद्रों पर सिर्फ 10वीं का पेपर हुआ। 12वीं में गुरूवार को मनोविज्ञान विषय का पेपर था। जो झुंझुनूं जिले में किसी भी स्कूल में नहीं है। इसलिए सिर्फ 10वीं का पेपर ही हुआ। एडीईओ उम्मेद सिंह महला ने बताया कि झुंझुनूं जिले में करीब 61 हजार परीक्षार्थी पंजीकृत है। इनमें से 10वीं के 32470 और 12वीं के 29448 परीक्षार्थी शामिल है। पहले दिन उत्साह के साथ विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। महला ने बताया कि बोर्ड द्वारा गठित उडन दस्ते के अलावा जिला स्तर पर चार उड़न दस्ते डीईओ सुभाषचंद्र, डीईओ मनोज ढाका, एडीईओ उम्मेद महला तथा एडीईओ रवींद्र कृष्णियां की अगुवाई में गठित किए गए है। जिन्होंने गुरूवार को परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। कहीं से भी किसी प्रकार की गडबडी की शिकायत नहीं मिली है। 10वीं बोर्ड का अंग्रेजी विषय का पेपर हुआ। अब चार दिन 10वीं का पेपर नहीं है। इसके बाद 11 मार्च को व्यवसायिक पाठ्यक्रम का तथा 12 मार्च को हिंदी का पेपर होगा। वहीं 12वीं में शुक्रवार को चित्रकला का पेपर होगा। परीक्षा के लिए डीईओ माध्यमिक कार्यालय में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। सभी परीक्षा केंद्रों पर वीडियोग्राफी कराई जा रही हैं।

### गांधी चौक नो व्हीकल पार्किंग जोन घोषित

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं शहर का गांधी चौक अब खुला खुला नजर आ रहा है। सैकडों की गाडियों की पार्किंग। जगह-जगह खडे रेहडी ठेले वालों से अटी सड़क को अब अतिक्रमण मुक्त बना दिया गया है। गत दिनों विकसित झुंझुनूं की कल्पना को लेकर गठित झुंझुनूं प्रगति संस्थान के शपथ ग्रहण समारोह में भी यह बात उठी थी। जिसमें पुराने बस स्टैंड पर वाहनों की पार्किंग और रेहडी ठेले वालों के लिए चौपाटी विकसित करने का सुझाव दिया था। उसके बाद अब टीआई हरफूल सिंह मीणा ने कार्रवाई करते हुए सभी वाहनों को पुराने बस स्टैंड पर शिफ्ट करते हुए गांधी चौक को नो व्हीकल पार्किंग जोन घोषित कर दिया। मीणा ने बताया कि उच्चाधिकारियों से भी इस मामले में चर्चा हुई थी। जिसके बाद यह निर्णय लिया गया है। वहीं रेहडी ठेले वालों को भी दूसरी जगह शिफ्ट करने को लेकर निर्णय लिया जाएगा। इधर, किराए पर गाडी चलाने वाले वाहन मालिकों ने प्रशासन के इस कदम को सराहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें पुराने बस स्टैंड पर पार्किंग में कोई समस्या नहीं है। लेकिन अब कोई प्राइवेट व्हीकल भी गांधी चौक में पार्क ना हो। इसके लिए प्रशासन सख्ती से कार्रवाई करें।

### श्री श्याम आनंद फागोत्सव का शुभारंभ

**रतनगढ़** (निसं)। सिद्धपीठ श्री ताल वाले बालाजी श्याम मंदिर में सप्त दिवसीय फागोत्सव का शुभारंभ मंजू कंवर ने बाबा की ज्योत लेकर किया। गायक कलाकार बालकृष्ण, देवकीनंदन सेवदा, किरण शेखावत, सुशीला बंशीवाल, सीमा भाटी, सूरज पारिक, हेमंत रूंथला ने भजनों से बाबा रिझाया। भजन संध्या में बाबा का अलौकिक श्रृंगार किया और इत्र वर्षा की गई। भजन संध्या के पश्चात धमाल पर सैकड़ों भक्तों ने नृत्य किया और श्याम बाबा के साथ पुष्पों की होली खेली। इस अवसर पर निलेश पुजारी, अंजनी पुजारी, मनोज पुजारी, सुशील पुजारी, रघुनंदन धरेंद्रा, प्रहलाद पारिक, गिरीश मंगोलिया, भूराराम जांगिड़, मनोज जोशी, हिमांशु बजाज, विष्णु धरेंद्र, गोपाल धूपड़, सत्यनारायण सेवदा, अजय पुजारी, रवि पुजारी, नितिन पुजारी, विकास भाटी, राकेश जाट, उमराव भाटी सहित सैकडों लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में 7 मार्च को चुवास धाम के संत निश्चल नाथ जी महाराज के भजनों का आयोजन होगा।

### कोलसिया में खाटूश्याम पदयात्रा रवाना

**कोलसिया**, (निसं)। कोलसिया से खाटूश्याम के लिए 29वीं पदयात्रा गुरुवार को रवाना हुई। श्री श्याम मित्र मंडल ने बताया कि सुबह छह बजे पदयात्रा खाटूश्याम मंदिर से लेकर मैन चौक गुवाड़ होते हुए खाटू धाम के लिए रवाना हुई। महिला-पुरूष श्याम बाबा के निशान लेकर भजनों पर झूमते यात्रा के साथ चल रहे थे। जगह-जगह यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। इस अवसर पर रामस्वरूप शर्मा, दिनेश शर्मा, पंकज, सीताराम कुमावत, राकेश कुमावत, महेंद्र शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, रमेश शर्मा, मुकेश शर्मा, अभिषेक शर्मा, आकाश जांगिड़, राकेश शर्मा, ताराचंद कुमावत, दिनेश, संजू सोनी, दिनेश कुमावत, रामकुमार दूत, कुलदीप कुमावत, राजाराम कुमावत, राजू पारीक, राकेश कुमार आदि ग्रामीण मौजूद थे। इससे पूर्व श्याम मंदिर में जागरण किया गया।

### मिसाल पेश की

**झुंझुनूं**, (निसं)। बास बुडाना में रोहिताश्व गुर्जर ने अपने लड़के आंनद की शादी श्योनाथपुरा से पूनम पुत्री राजू गुर्जर की पांच मार्च को संपन्न हुई। जिसमें वधु पक्ष की तरफ से कन्यादान के रूप में एक लाख 51 हजार रूपए वर को भेंट किए। दूल्हे आनंद के पिता ने गुर्जर समाज के प्रेरक कर्नल किरोड़ीसिंह बैंसला की दहेज मुक्त गुर्जर समाज का पालन करते हुए कन्यादान के रूप में एक रुपया लेकर बाकी की राशि वधु के परिवार को समाज के लोगों के समक्ष वापिस कर समाज को प्रेरणा दी। जिस पर शादी समारोह में उपस्थित समाज के लोगों ने खुशी जताई तथा प्रेरणा ली।

### विधायक के जन्मदिन पर पहुंचे कार्यकर्ता

**झुंझुनूं**, (निसं)। सिविल लाइन्स से विधायक गोपाल शर्मा के जन्मदिन पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जयपुर पहुंचे। भाजपा नेता महेश बसावतिया के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने राजधानी स्थित बाल निवास गार्डन में सिविल लाइंस के विधायक गोपाल शर्मा को शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में शर्मा ने कहा शेखावाटी के विकास के लिए कोई कसर छोड़ी नहीं जाएगी। बसावतिया के साथ बूंटीराम जनकल्याण संस्थान के सचिव धीरेंद्र चौधरी, अनंत पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर नरेंद्र शर्मा ढाणीवाले, राजेश शर्मा, ओम शर्मा, विनोद शर्मा, चिरंजीलाल आदि उपस्थित थे।

### खाटूधाम के लिए पदयात्रा रवाना

**मुकुंदगढ़**, (निसं)। मंडी स्थित संकट मोचन बालाजी मंदिर से बालाजी जन जागरण समिति के तत्वावधान में दसवीं डाक ध्वज बाबा खाटू श्याम के लिए रवाना हुई। समिति के मनोज पोरवाल ने बताया कि मंदिर पुजारी दिलीप शर्मा के सानिध्य में बाबा की ज्योत के साथ ही निशानों की पूजा अर्चना कर मुरारीलाल शर्मा, मुकेश बारी, दिनेश जांगिड़, राकेश खीचड़, मुकेश पोरवाल, सुरेंद्र डोटासरा आदि पदयात्रियों को रवाना किया। बाबा के भक्त नाचते, गाते बाबा श्याम के जयकारों के साथ श्याम भक्त रवाना हुए।

### शान्ति समिति की बैठक आज

**सीकर** (निसं)। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर भावना शर्मा ने बताया कि जिला मजिस्ट्रेट सीकर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में 7 मार्च 2025 शुक्रवार को शान्ति समिति की बैठक दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जायेगी।

# खाटू श्याम का लक्खी मेला परवान पर

**सूरजगढ़**, (निसं)। फाल्गुन माह में खाटू श्याम का लक्खी मेला परवान पर हैं। देश-विदेश से श्रद्धालु खाटू श्याम निशान लेकर बाबा को अर्पित कर रहे हैं। हम आपको बताने जा रहे उस निशाना की कहानी जो खाटूधाम के मंदिर के शिखर बंद पर 12 महीने लहराता है। वो निशान जिसका डंका बाबा के खाटूधाम की तरह पूरे विश्व में बजता है और ऐसे बाबा श्याम के भक्त के बारे में भी बताएंगे जिसने पूरे विश्व में सूरजगढ के निशान को ख्याति दिलवाई इतना ही नहीं अंग्रेजी हुकूमत के भी छक्के छुडा दिए।

खाटू श्याम मंदिर के शिखर पर चढ़ने वाला सूरजगढ़ का निशान हजारों पदयात्रियों के साथ खाटू के लिए रवाना हो गया है। निशान के साथ देश-विदेश के श्रद्धालु भी शामिल हुए हैं। खाटू से सूरजगढ का खास रिश्ता है। बात चाहे मुगलों के समय की हो या फिर अंग्रेजों के समय की। जब-जब भी मंदिर पर हमले की बात हो या फिर खाटू में दर्शनों पर में रूकावट की कोशिश की गई हो। सूरजगढ़ के श्याम भक्तों ने सबका मुकाबला किया और ना दर्शनों को रूकने दिया।

जी, हां श्याम भगत मोहन लाल इंदौरिया कि मानें तो अंग्रेजों के जमाने में बाबा श्याम के दरबार में आस्था के सैलाब को देखकर अंग्रेजी हुकूमत ने खाटू मंदिर में ताला लगा दिया था। तब एक भक्त मंगलाराम जो निशान लेकर खाटू पहुंचे। अपने गुरु गोर्धनदास का आदेश पाकर उसने बाबा श्याम का नाम लेकर मोर पंख ताले पर मारा तो ताला खुल गया। यह चमत्कार देख अंग्रेजी हुकूमत ने पैर पीछे कर लिए।

दरअसल अंग्रेज बाबा के दर्शन में रूकावट पैदा करवाना चाह रहे थे। लेकिन सूरजगढ़ के श्याम भक्त मंगलाराम ने ऐसा नहीं होने दिया और बाबा की शक्ति से अंग्रेजों के छक्के छुड़वा दिए। माना जाता हैं की सूरजगढ़ निशान में खुद बाबा श्याम चलते हैं। मंदिर कमेटी ने सूरजगढ़ के निशान को बाबा के मुख्य शिखर पर चढाने का निर्णय लिया जो परंपरा आज भी निभाई जा रही है। सूरजगढ़ के निशान को खाटू के श्याम दरबार में मुख्य शिखर पर चढ़ाया जाता है। यही एकमात्र निशान है जो पूरे वर्ष बाबा के मुख्य शिखर पर लहराता है।

**मन्नत साथ लेकर सिर पर सिगडी रख चलती है महिलाएं:-** सूरजगढ़ के इस प्राचीन निशान की मान्यता है कि इस निशान के आगे आगे महिलाएं अपनी मन्नत साथ लेकर सिर पर सिगड़ी रख चलती है। महिलाओं का कहना है कि जो भी बाबा श्याम से मांगतीं हैं वो उन्हें मिलता है। महिलाएं निशान यात्रा में 152 किलोमीटर तक नाचते-गाते चलती है।

सिगड़ी बाबा के दरबार में अर्पित की जाती है। पूरे देश में सिर्फ सूरजगढ़ का ही ऐसा निशान होता है। जहां पर महिलाएं अपनी मन्नत पूरी होने पर बाबा श्याम को सीगड़ी अर्पित करती है और पूरे रास्ते सिर पर सीगड़ी रखकर पदयात्रा पूरी करती है।। ये महिलाएं पूरे रास्ते बाबा के भजनों पर नाचते-गाते श्रद्धाभाव के साथ पहुंचती हैं। फागुन शुक्ला को बाबा के मंदिर के मुख्य शिखर पर निशान चढाया जाता है।

**कई चमत्कार और इतिहास सूरजगढ़ के निशान के साथ जुड़े:-** ऐसे कई चमत्कार और इतिहास सूरजगढ़ के निशान के साथ जुड़े हुए है। यही कारण है कि इस निशान में शामिल होने के लिए ना केवल देश, बल्कि देश के बाहर से भी श्याम भक्त सूरजगढ़ पहुंचते है। यह निशान फागुन शुक्ल छठ व सप्तमी के दिन सूरजगढ़ से रवाना होता है और द्वादशी के दिन खाटूश्याम के मंदिर के शिखर पर चढ़ाया जाता है। इसके अलावा किसी भी ध्वज को खाटूश्याम मंदिर के शीर्ष पर जगह नहीं मिलती है।

# पहाड़ी की तलहटी में मिला लापता युवक का शव

■ परिजनों की सहमति के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया

**झुंझुनूं**, (निसं)। शहर के कान्हा पहाड़ की तलहटी में गुरुवार को एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की पहचान वार्ड नंबर 60 निवासी सिकंदर (38) पुत्र सब्बीर खत्री के रूप में हुई है।

मृतक बीते तीन दिनों से लापता था और मानसिक रूप से अस्वस्थ बताया जा रहा था। शव से दुर्गंध उठने के कारण स्थानीय लोगों को इसकी जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। झुंझुनूं के कोतवाली थाना प्रभारी नारायण सिंह ने बताया कि गुरुवार शाम पुलिस को टेलीफोन के माध्यम से सूचना मिली कि समस्त तालाब के पास कान्हा पहाड़ की घाटी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव पडा हुआ है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल की जांच शुरू की। शव दो तीन दिन पुराना लग रहा है और उससे तेज दुर्गंध आ रही थी। स्थानीय लोग भी घटनास्थल पर एकत्र हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक की पहचान कराने की कोशिश की। इस दौरान वार्ड नंबर 60 के कुछ स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने शव की पहचान सिकंदर के रूप में की। बाद में परिजनों को बुलाया गया, जिन्होंने भी शव की पुष्टि की।

मृतक सिकंदर के भाई ने पुलिस को बताया कि वह मानसिक रूप से अस्वस्थ था और अक्सर घर से निकल जाता था। तीन दिन पहले भी वह घर से अचानक गायब हो गया था, लेकिन इस बार वह वापस नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, मगर उसका कोई पता नहीं चला। सिकंदर चार भाइयों और तीन बहनों में से एक था। सभी भाई-बहनों की शादी हो चुकी थी और वह अविवाहित था।

परिवार वालों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी, जिसके कारण वह कई बार घर छोड़कर चला जाता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की बात कही, लेकिन परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। परिजनों का कहना था कि उन्हें किसी पर कोई संदेह नहीं है और वे शव का अंतिम संस्कार करना चाहते हैं। कोतवाली थाना अधिकारी नारायण सिंह ने बताया कि परिजनों की सहमति के बाद शव उन्हें सौंप दिया गया है।

## कलेक्टर ने शांति समिति की बैठक ली

**चूरू** (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा ने गुरुवार को जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में होली पर्व पर शांति व कानून व्यवस्था को लेकर चर्चा की। इस अवसर पर एसपी जय यादव, एडीएम अर्पिता सोनी, एएसपी लोकेंद्र दादरवाल सहित अधिकारी व सीएलजी सदस्य मौजूद थे।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर सुराणा ने कहा कि सभी जिलेवासी धार्मिक सदभाव के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्योहार मनाएं। जिले में अमन-चैन, सद्भाव व साझी संस्कृति के साथ सभी त्योहार मनाए जाते हैं। जिले की परंपराएं अपनी अनूठी पहचान रखती है। सभी के सहयोग से हम अपने पर्वों व त्योहारों को मिलजुल कर मनाएं और एक-दूसरे की खुशियों में भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि हम किसी भी प्रकार की भ्रामकता से बचें व परिवेश के लोगों को भी जागरूक करें।

इसी के साथ सोशल मीडिया गतिविधियों पर भी निगरानी रखें और माहौल करने वाली गतिविधियों की सूचना दें। इसी के साथ विभिन्न आयोजनों में स्वयंसेवक नियुक्त करते हुए अच्छे वातावरण में सफल आयोजन सुनिश्चित करें। एसपी जय यादव ने कहा कि चूरू का आपसी भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द हमेशा से एक मिसाल रहा है। हमारी यह कोशिश रहनी चाहिए कि चूरू की यही पहचान कायम रहे।

# झुंझुनूं एकेडमी शटलर लोकेश गुर्जर को विक्टर कंपनी से स्पॉन्सरशिप मिली

■ बैडमिंटन नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट होने के कारण कंपनी प्रतिवर्ष करती रहेगी स्पॉन्सर

**झुंझुनूं**, (निसं)। झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी हमेशा से ही नवाचारों की कर्मस्थली रही है। शैक्षिक क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान रचने के बाद खेल क्षेत्र में भी अभूतपूर्व प्रदर्शन रहा है। इसी कडी में झुंझुनूं एकेडमी स्कूल के कक्षा पांच के दस वर्षीय छात्र लोकेश गुर्जर ने बडी उपलब्धि हासिल की है।

नवलगढ के मोहनवाडी निवासी एवं नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट बैडमिंटन प्लेयर लोकेश गुर्जर पुत्र तेजपाल गुर्जर को खेल उपकरण बनाने वाली ताइवान की प्रसिद्ध विक्टर कंपनी ने खेल जगत की उभरती प्रतिभा के अनुरूप स्पॉन्सर कर बैडमिंटन किट में रैकेट्स, जूत्ते, किट बैग, टी-शर्ट, ट्रैक सूट, गेम शर्ट एवं टॉवल सहित अनेक प्रकार की खेल सामग्री उपलब्ध करवाई है। जानकारी देते हुए बैडमिंटन कोच नितेश कुमार ने बताया कि लोकेश को बैडमिंटन नेशनल गोल्ड मेडलिस्ट होने के कारण प्रतिवर्ष विक्टर कंपनी स्पॉन्सर करती रहेगी तथा खेल सामग्री उपलब्ध करवाती रहेगी।

उन्होंने बताया कि मात्र दस वर्ष की आयु में बैडमिंटन में लोकेश ने नेशनल लेवल पर गोल्ड मैडल जीते हैं। इसी कारण स्पोर्ट्स काउंसिल ऑफ इंडिया के द्वारा भी लोकेश गुर्जर को सम्मानित किया जा चुका है। जो सम्पूर्ण राजस्थान के इतिहास में बडा कीर्तिमान है। लोकेश गुर्जर ने अक्टूबर 2024 अजमेर में आयोजित राजस्थान स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में सिंगल एवं डबल्स दोनों वर्ग में चैंपियनशिप जीतकर गोल्ड मैडल जीता तथा नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के लिए चयनित हुआ। चार बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता तथा दो बार सीबीएसई की नेशनल चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मैडल तथा दो बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीत चुका है। इसके अलावा लोकेश ने सीबीएसई नेशनल चैंपियनशिप में भी गोल्ड मैडल जीता है।

सीबीएसई द्वारा आयोजित अंडर-14 नेशनल बैडमिंटन चैंपियशिप में लोकेश ने ब्रॉन्ज मैडल जीता तथा एसजीएफआई नेशनल कैंप के लिए चयनित हुआ।

लोकेश को 76वें गणतंत्र दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में भी सम्मानित किया जा चुका है। झुंझुनूं एकेडमी चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी ने लोकेश गुर्जर को बधाई देते हुए कहा कि जिस तरह लोकेश ने बैडमिंटन को अपने आप में उतारा है, वह दिन दूर नहीं जिस दिन लोकेश बैडमिंटन में देश का प्रतिनिधित्व करेगा। यह दस वर्ष का बच्चा जिस तरह से अपनी कला, प्रतिभा एवं खेल का हुनर दिखा रहा है। वास्तव में यह जुनून दूसरे खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उन्होंने बताया कि विक्टर स्पोर्ट्स सामग्री बनाने वाली अग्रणी कंपनी है। जो उभरती हुई खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए खेल उपकरण उपलब्ध करवाती है। उन्होंने कंपनी को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया।

विक्टर कंपनी द्वारा लोकेश गुर्जर को स्पॉन्सर करने पर मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी एवं गरिमा मोदी, जीवेम छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, स्कूल प्राचार्य डॉ. रविशंकर शर्मा, उप प्राचार्या सरोज सिंह, हैडमिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्यामसुंदर शर्मा, स्कूल प्रशासक कमलेश कुलहरि, लोकेश मे माता-पिता एवं परिवार जनों, स्कूल एवं हॉस्टल के स्टाफ सदस्यों तथा मोहनवाड़ी ग्रामवासियों ने खुशी जाहिर कर कोच नितेश कुमार व लोकेश को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।


राजस्थान सरकार

**कार्यालय उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास विभाग, चूरू**

क्रमांक :- 5651 दिनांक :- 06.03.2025

**बिड सूचना 05/2024-25**

इस कार्यालय के अधीन खनिज प्रभावित क्षेत्रों/गांवों में संचालित 64 आंगनबाड़ी केन्द्रों में से सुजानगढ़ के 03 आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए आंगनबाड़ी केन्द्र भवन के मरम्मत एवं सुदृढ़ीकरण हेतु पंजिकृत ठेकेदारों/संवेदकों से दिनांक 05.03.2025 शाम 05 बजे से दिनांक 17.03.2025 दोपहर 2.00 बजे तक ई-बिड आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण बिड दस्तावेज में www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। एन.आ.ई.बी. नं. ICD2425A0635, यूबीएन नं.:- ICD2425WSOB00583

(डॉ. नरेद्र शेखावत)
उपनिदेशक
महिला एवं बाल विकास विभाग, चूरू


# नवलगढ़ रोड पर नवीन उप डाकघर का शुभारंभ

■ स्थानीय लोगों को डाक सेवाऐं, बचत, बीमा योजनाएं सहित आधार नामांकन, अधतन की मिलेगी सुविधाएं

**सीकर** (निसं)। नवलगढ़ रोड़ स्थित बालाजी कॉलेज के पास नवीन डाकघर का उदघाटन अधीक्षक डाकघर सीकर मंडल आलोक कुमार द्वारा फीता काटकर किया गया।

नवलगढ़ रोड पर नवीन डाकघर का उदघाटन करते हुए अधीक्षक डाकघर सीकर मंडल आलोक कुमार ने बताया कि स्थानीय क्षेत्रवासियों को डाक सेवाऐं तथा पंजीकृत पत्र, स्पीड पोस्ट, पार्सल बुकिंग, विदेशी डाक बुकिंग सेवाएं, बचत योजनायें, डाक जीवन बीमा, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के साथ आधार नामांकन एवं अधतन की सुविधा क्षेत्रवासियों को सुविधा मिलेगी।

उन्होंने बताया की डाकघर शहर से दूर होने की बजाय से यहां के निवासियों को काफी परेशानी होती थी, इस समस्या को देखते हुए उप डाकघर कार्यालय खोला गया है। जिससे यहां के स्थनीय लोगों को डाक संबंधी विभिन्न सुविधाओं का लाभ मिलेगा। उन्होनें बताया की ई-कॉमर्स के माध्यम से यहां के कोचिंग संस्थानों व लोगों को इस डाकधर का बेहतर फायदा मिलेगा। उन्होंने बताया कि पूर्व में डाक के लिए डाक विभाग का कार्मिक साईकिल व पैदल चलकर डाक संबंधित व्यक्ति तक पहुंचाते थे जिससे समय भी ज्यादा लगता था और डाक भी समय पर नहीं पहुंच पाती थी।

उन्होंने बताया कि इस समस्या को देखते हुए डाक विभाग द्वारा लगातार बेतहतर नवाचार के प्रयास किए जा रहे है, जिनके माध्यम से वर्तमान में जीपीएस लगी डाक विभाग की व्हीकल के माध्यम से डाक लोगों के घरों तक अब आसानी से पहुंच पा रही है। उद्घाटन के दौरान सहायक अधीक्षक डाक जगदेव मीना, निरीक्षक डाक सुशील कुमार गोवला, पोस्टमॉस्टर रामेश्वर भास्कर सहित डाककर्मी एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

# ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर 13 मार्च 2025 को होलिका दहन एवं 14 मार्च 2025 को धूलण्डी के त्यौहार पर कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये है।

आदेशानुसार कुणाल राहड सहायक कलेक्टर मुख्यालय प्रथम, ज्वाला सहाय सहायक कलेक्टर द्वितीय सीकर को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र सीकर, राहुल कुमार मल्होत्रा उपखण्ड मजिस्ट्रेट धोद को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र धोद, दमयन्ति कंवर उपखण्ड मजिस्ट्रेट फतेहपुर को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र फतेहपुर, भारती फूलफकर उपखण्ड मजिस्ट्रेट रामगढ़ शेखावाटी को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र रामगढ़ शेखावाटी, राजवीर यादव उपखण्ड मजिस्ट्रेट नीमकाथाना को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र नीमकाथाना, मोहर सिंह मीणा उपखण्ड मजिस्ट्रेट लक्ष्मणगढ़ को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र लक्ष्मणगढ़, अविनाश चौधरी तहसीलदार नेछवा को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र नेछवा, अनिल कुमार उपखण्ड मजिस्ट्रेट श्रीमाधोपुर को उपखण्ड क्षेत्र श्रीमाधोपुर (थाना क्षेत्र रींगस को छोड़कर) बृजेश कुमार उपखण्ड अधिकारी रींगस को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र रींगस, अर्चना बुगालिया उपखण्ड मजिस्ट्रेट खण्डेला को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र खण्डेला, मौनिका सामौर उपखण्ड मजिस्ट्रेट दांतारामगढ़ को उपखण्ड क्षेत्र दांतारामगढ़(थाना लोसल क्षेत्र को छोडकर), महिपाल सिंह राजावत तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट दांतारामगढ़ को सम्पूर्ण थाना क्षेत्र लोसल,श्रीवर्धन नायब तहसीलदार रींगस को सम्पूर्ण थाना क्षेत्र खाटूश्यामजी, सुभाष कुमार तहसीलदार पाटन को सम्पूर्ण तहसील क्षेत्र पाटन, झुंडाराम कुडी नायब तहसीलदार अजीतगढ़ को सम्पूर्ण उप तहसील क्षेत्र अजीतगढ़, रामनिवास नायब तहसीलदार पलसाना को सम्पूर्ण उप तहसील क्षेत्र पलसाना में ड्यटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार उपपंजीयक, सीकर को आरक्षित मजिस्ट्रेट लगाया गया है। नियुक्त सभी मजिस्ट्रेट पुलिस प्रशासन से समन्वय बनाएं रखते हुए अपने-अपने नियुक्ति क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के निमित समस्त समुचित प्रबन्ध करते हुए प्रत्येक घटनाक्रम से जिला मजिस्ट्रेट को निरन्तर सूचित रखेंगे।


**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी झुंझुनू (राज)**

क्रमांक परि /लेख/निलामी/4497 दिनांक

**नोटिस एवं नीलामी सूचना**

निम्नलिखित वाहनों के विरूद्ध इस विभाग का कर बकाया होने के कारण यह वाहन जब्त किये हुये है इन वाहनों को निलाम किया जा रहा है यदि इन वाहनों की नीलामी के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/वित्त पोषक बैंक आदि को किसी प्रकार का ऐतराज उजर दावा हो या किसी व्यक्ति /संस्था वित्त/पोषक /बैक ने इन वाहनों को वित पोषित कर रखा हो तो निलामी दिनांक से तीन दिवस पूर्व तक इस विभाग की बकाया राशि जमा करवाकर अपना ऐतराज उजर दावा प्रस्तुत कर सकेगे। उक्त अवधि की समाप्ति के पश चात कोई भी आपत्ति होने पर उस पर विचार नहीं किया जावेगा तथा वाहन जहां है जैसा है के आधार पर निलाम कर दिया जायेगा। वाहनों की निलामी जिला परिवहन कार्यालय झुंझुनू में गठित कमेटी द्वारा दिनांक 19.3.2025 को प्रात 11बजे निम्नाकित विवरणानुसार की जायेगी। निलामी के संबंध में अंतिम निर्णय कमेटी का रहेगा जिस पर किसी प्रकार का वाद नही हो सकेगा।

| क्र.सं. | वाहन संख्या | प्रकार | मॉडल | सीज स्थल | सीज वर्ष | वाहन की दशा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RJ18PA3933 | टैम्पो | 2011 | पुलिस थाना, चिड़ावा | 2019 | चलने योग्य |
| 2 | RJ18PA2260 | टैम्पो | 2009 | पुलिस थाना, मण्डेला | 2019 | चलने योग्य |
| 3 | RJ18PA4688 | बस | 2012 | कार्यालय हाजा | 2022 | चलने योग्य |
| 4 | RJ18PA2355 | बस | 2009 | पुलिस थाना, सुरजगढ़ | 2016 | चलने योग्य |
| 5 | RJ18PA2175 | बस | 1996 | पुलिस थाना, मण्ड्रेला | 2019 | चलने योग्य |
| 6 | RJ18PB1001 | बस | 2014 | कार्यालय हाजा | 2022 | चलने योग्य |
| 7 | RJ18PA2945 | टैम्पो | 2010 | पुलिस मण्डावा | 2019 | चलने योग्य |
| 8 | RJ18PA2070 | टैम्पो | 2009 | पुलिस मण्डावा | 2019 | चलने योग्य |

नियम एवं शर्ते कार्यालय समय में देखी जा सकती है धरोहर राशि बस के लिए रू 50000/- तथा अन्य वाहनों के लिए रू 10000/- प्रति वाहन होगी।

जिला परिवहन अधिकारी
झुंझुनूं।